an>

Title: Need for four-lanning of National Highway No. 91 from Delhi to Kanpur.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : धन्यवाद अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

महोदया, राष्ट्रीय मार्ग संख्या 91 जो दिल्ली से शुरू होकर साहिबाबाद, गाजियाबाद, दादरी, सिकन्दराबाद, बुलन्दशहर, अलीगढ़, एटा, कन्नौज होते हुए मेरे लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख की, बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के अरौल, बिल्हौर, चौबेपुर, मन्धना होते हुए कानपुर तक जाता है। इस मार्ग की दिल्ली से कानपुर तक कुल लम्बाई 478 किलोमीटर है। जब से देश आजाद हुआ है, तब से आज तक यहां फोर-लेन सड़क नहीं बनी, बननी चाहिए थी, लेकिन अब तक नहीं बनी है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहती हूं कि वहां पर फोर-लेन सड़क बनाई जाए। धन्यवाद।